BIHAR BOARD CLASS–XII

2011

SUBJECT- HINDI

समय 3 घंटे 15 मिनट] [पूर्णांक : 100

1. I. निम्नलिखित प्रश्नों के बहुवैकल्पिक उत्तरों में से सही उत्तर बताइए-

(i) 'अर्द्धनारीश्वर' शीर्षक पाठ के लेखक कौन हैं?

(क) रामचंद्र शुक्ल

(ख) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(ग) रामधारी सिंह 'दिनकर'

(घ) जगदीश चंद्र माथुर

(ii) 'रोज' शीर्षक कहानी के लेखक हैं

(क) रामधारी सिंह 'दिनकर'

(ख) अज्ञेय

(ग) मोहन राकेश

(घ) उदय प्रकाश

(iii) पं० चन्द्रधर शर्मा गुलेरी की कहानी है।

(क) जूठन

(ख) रोज

(ग) उसने कहा था

(घ) तिरिछ

BiharboardQuestionpaper.com

(iv) 'प्यारे नन्हें बेटे को के कवि कौन हैं?

(क) रघुवीर सहाय

(ख) विनोद कुमार शुक्ल

(ग) शमशेर बहादुर सिंह

(घ) अशोक वाजपेयी

(v) 'गाँव का घरे कविता के रचयिता हैं

(क) विनोद कुमार शुक्ल

(ख) गजानन माधव मुक्तिबोध

(ग) ज्ञानेंद्रपति

(घ) जयशंकर प्रसाद

II. सही जोड़े का मिलान करें-

(क) बालकृष्ण भट्ट (i) संपूर्ण क्रांति

(ख) जयप्रकाश नारायण (ii) प्यारे नन्हें बेटे को

(ग) विनोद कुमार शुक्ल (iii) बातचीत

(घ) सुभद्रा कुमारी चौहान (iv) जन-जन का चेहरा एक

(ङ) गजानन माधव मुक्तिबोध (v) पुत्र-वियोग

III. रिक्त स्थानों की पूर्ति करें-

(क) मालती के पति का नाम ....... है। (महेश्वर/ राजेश्वर)

(ख) कहती है तुम ......... हो, मेरे मुल्क को बचाने आए हो (राजा/मंत्री)

(ग) तुमुल कोलाहल कलह में, मैं..........की बात रे मन । (दिल/ हृदय)

BiharboardQuestionpaper.com

(घ) जादू टूटता है इस उषा का ........... सूर्योदय हो रहा है। (अब / कब)

(ङ) चाहे जिस देश ........का हो। जन-जन का चेहरा एक। (गाँव / प्रांत पुर)

2. संक्षेपण करें-

अनुशासन की आवश्यकता छात्र जीवन के लिए सबसे अधिक है। वे विवेक-संगत श्रृंखला में बँधे रहने की आदत डालें। उनकी क्षमता बिखर कर नष्ट न होने पाए, उनकी साधना के बादल चट्टान और बंजर पर न बरसें, उनकी लालसा कलंक से काले पड़े भौरे की लालसा मात्र न बन जाए. -इसके लिए छात्रों को व्यावहारिक जीवन में अनुशासन के नियमों का पालन करना परमावश्यक है। जीवन के हर क्षेत्र में अनुशासन की आवश्यकता पड़ती है। केवल विद्यालय में नहीं, वरन् परिवार एवं समाज में भी अनुशासन के नियमों का पालन करना चाहिए। उन्हें यह समझ लेना चाहिए कि पूरी सृष्टि और पूरा ब्रह्माण्ड भी अनुशासन में बँधा है। जीवन में अनुशासन न हो। तो हम आसानी से अराजकता का शिकार हो जाएँगे।

3. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर निबंध लिखिए-

(क) पर्यावरण संरक्षण

(ख) महँगाई

(घ) बिहार में शिक्षा

(ग) बेरोजगारी

4. किन्हीं दो दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दें-

(क) भगत सिंह ने कैसी मृत्यु को 'सुंदर' कहा है? वे आत्महत्या को कायरता कहते हैं, इस संबंध में उनके विचारों को स्पष्ट करें।

अथवा,

'उसने कहा था कहानी का सारांश लिखें।

BiharboardQuestionpaper.com

(ख) 'उषा' कविता का भावार्थ लिखें।

अथवा,

सूरदास के किसी एक पद का अर्थ लिखें।

5. निम्नलिखित लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दें-

(क) अगर हममें वाक्शक्ति न होती, तो क्या होता?

(ख) बापू और नेहरू की किस विशेषता का उल्लेख जयप्रकाश नारायण ने अपने भाषण में किया है?

(ग) मालती के घर का वातावरण कैसा था ?

(घ) तुलसी सीधे राम से न कहकर सीता ने क्यों कहलवाना चाहते हैं?

(ङ) नाभादास ने छप्पय' में कबीर की किन विशेषताओं का उल्लेख किया है?

(च) प्रातः काल का नभ कैसा था ?

6. बिजली की कमी दूर करने के लिए राज्य के विद्युत एवं ऊर्जा मंत्री को एक पत्र लिखें।

अथवा,

अपने मित्र को एक पत्र लिखिए जिसमें किसी अविस्मरणीय घटना का वर्णन हो ।

7. हिन्दी साहित्य के इतिहास को कितने काल खंडों में बाँटा गया है? नामकरण के साथ परिचय दें।

अथवा,

जायसी अथवा सूरदास का साहित्यिक परिचय दें।

8. सप्रसंग व्याख्या करें-

BiharboardQuestionpaper.com

(क) मृत्यु के कुछ समय पहले स्मृति बहुत साफ हो जाती है। जन्म भर की घटनाएँ एक-एक करके सामने आती हैं। सारे दृश्यों के रंग साफ होते हैं, समय की धुंध बिल्कुल उनपर से हट जाती है।

अथवा,

सच है, जब तक मनुष्य बोलता नहीं, तब तक उसका गुण दोष प्रकट नहीं होता।

(ख) जो रस नंद जसोदा विलसत सो नहिं तिहुँ भुवनियाँ ।
भोजन करि नंद अचमन लीन्हो माँगत सूर जुठनियाँ ।।

अथवा,

मखमल टमटम बल्लम तुरही
पगड़ी छत्र चंवर के साथ
तोप छुड़ाकर ढोल बजाकर
जय-जय कौन कराता है।

BiharboardQuesti

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...

BiharboardQuestionpaper.com

अभी विजिट करें ..

BiharboardQuestionpaper.com